# Code No. 1003

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11-M/2019**

**रोल नं० :** □□□□□□□□□□

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Download from www.MsEducationTv.com

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(क) मीरा किसे देखकर रोती हैं ?

(i) भक्तों को (ii) संसार के लोगों को

(iii) कृष्ण को (iv) संतों को

(ख) नभ में वारिद-माला किसके सामने नाच रही है ?

(i) पक्षी के (ii) बादल के

(iii) चाँद के (iv) सूर्य के

(ग) उजरी कौन थी ?

(i) बेटी (ii) गाय

(iii) पुत्रवधू (iv) पत्नी

(घ) भवानी प्रसाद मिश्र के कितने भाई थे ?

(i) चार (ii) पाँच

(iii) छः (iv) आठ

(ङ) चंपा के पिता का क्या नाम है ?

(i) त्रिलोचन (ii) लेखक

(iii) सुन्दर (iv) ग्वाला



Download from www.MsEducationTv.com

(च) कमीज़ न होने पर किससे पेट ढकने की बात की गई है ?

(i) हाथ (ii) पाँव

(iii) कमर (iv) कन्धा

(छ) अक्क महादेवी के अनुसार लक्ष्यप्राप्ति में क्या बाधक होती है ?

(i) जिन्दगी (ii) खुशी

(iii) इन्द्रियाँ (iv) रिश्तेदार

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।।
छाँड़ि दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई।
संतन ढिग बैठि-बैठि, लोक लाज खोई।।
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोई।
अब तो बेलि फैलि गई, आणंद-फल होई।।

**अथवा**

हे मेरे जूही के फूल जैसे ईश्वर
मँगवाओ मुझसे भीख
और कुछ ऐसा करो
कि भूल जाऊँ अपना घर पूरी तरह
झोली फैलाऊँ और न मिले भीख



Download from www.MsEducationTv.com

कोई हाथ बढ़ाए कुछ देने को
तो वह गिर जाए नीचे
और यदि मैं झुकूँ उसे उठाने
तो कोई कुत्ता आ जाए
और उसे झपटकर छीन ले मुझसे

**3.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

खैर, पैर की जूती, जोरू
न सही एक, दूसरी आती,
पर जवान लड़के की सुधकर
साँप लौटते, फटती छाती।
पिछले सुख की स्मृति आँखों में
क्षणभर एक चमक है लाती,
तुरत शून्य में गड़ वह चितवन
तीखी नोंक सदृश बन जाती।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) मीरा को भक्ति मार्ग में किन-किन बाधाओं का सामना करना पड़ा ?

(ख) 'पथिक' कविता में सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबों का प्रयोग हुआ है ?

(ग) कवि त्रिलोचन ने चंपा की किन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख किया है ?



Download from www.MsEducationTv.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी के अंत में अलोपीन वंशीधर को कौन-सा पद स्वीकारने को कहते हैं ?

(i) दारोगा (ii) मैनेजर

(iii) क्लर्क (iv) मुंशी

(ख) कौन-सी रोटी पापड़ से भी महीन होती है ?

(i) तुनकी (ii) रुमाली

(iii) तंदूरी (iv) आफताबी

(ग) फिल्म में मिठाई बेचने वाले का क्या नाम था ?

(i) रामनिवास (ii) श्रीनिवास

(iii) हरिनिवास (iv) हरनिवास

(घ) नरसुल्तान नामक राजकुमार ने अपनी विपदा के दिन कहाँ काटे थे ?

(i) सुन्दरगढ़ में (ii) नरवरगढ़ में

(iii) बहादुरगढ़ में (iv) चित्तौडगढ़ में

(ङ) मोहन के मास्टरजी का क्या नाम था ?

(i) वंशीधर (ii) त्रिलोक सिंह

(iii) मुरलीधर (iv) त्रिलोकचंद

(च) स्पीति घाटी में किस धर्म का अधिक बोलबाला है ?

(i) हिन्दू धर्म (ii) बौद्ध धर्म

(iii) जैन धर्म (iv) सनातन धर्म



Download from www.MsEducationTv.com

(छ) 'ईयरली एक्जाम्स की कापियाँ हम नहीं दिखाते' यह वाक्य किसने कहा ?

(i) चपरासी ने (ii) हेडमास्टर ने

(iii) क्लर्क ने (iv) अध्यापक ने

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मजार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूँढ़ना, जहाँ कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है।

**अथवा**

धनराम की संकोच, असमंजस और धर्म संकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव से अपने लोहे के छल्ले की त्रुटिहीन गोलाई को जाँच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा ? उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी, जिसमें न स्पर्द्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार-जीत का भाव।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 + 2 = 4

(क) 'पथेर पांचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

(ख) 'रजनी' पाठ का सन्देश स्पष्ट कीजिए।

**8.** प्रेमचन्द ***अथवा*** मन्नू भण्डारी के जीवन परिचय, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। 3



Download from www.MsEducationTv.com

**9.** 'वितान' **(भाग-1)** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) चित्रपट संगीत की लोकप्रियता का क्या कारण है ?

(ख) करुण रस और श्रृंगार रस में क्या अन्तर होता है ?

(ग) गोधूलि के समय कुंइयों पर कैसा वातावरण रहता है ?

(घ) कुँई बनने पर किस प्रकार प्रसन्नता व्यक्त की जाती है ?

(ङ) 'आलो आँधारि' पाठ का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

**10.** 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जनसंचार के प्रमुख कार्यों का विस्तृत वर्णन कीजिए। 6

(ख) विद्यालय में हुए पुरस्कार वितरण समारोह का कार्यवृत्त तैयार कीजिए। 6

(ग) (i) संचार क्या है ? 1

(ii) आजादी से पहले के प्रमुख पत्रकारों के नाम लिखिए। 1

(iii) खोजपरक पत्रकारिता क्या है ? 1

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

मनुष्य अपने नैतिक गुणों से ही जीवधारियों में श्रेष्ठतम माना जाता है। हर व्यक्ति जीवन-पर्यन्त सुख की खोज में रहता है। तन के सुख मनुष्य और पशु को समान रूप से चाहिए किन्तु मन और आत्मा के सुख केवल मनुष्यों के लिए हैं। मन के जितने भी सुख हैं, उनमें सबसे बड़ा है परोपकार का सुख। किसी अंधे को सड़क पार कराने, किसी भूखे को रोटी खिलाने, किसी प्यासे



Download from www.MsEducationTv.com

की प्यास बुझाने, किसी निराश हताश को आशान्वित करने अथवा किसी लाचार, गरीब और जरूरतमंद के काम आने में जो सुख मिलता है, उसकी किसी भी सुख या आनंद से तुलना नहीं की जा सकती। अपने लिए तो दुनिया में सभी प्राणी जीते हैं पर जब हम अपने जीवन को दूसरों के लिए अर्पित कर देते हैं तो हमारा जीवन धन्य हो जाता है।

(क) अपनी किन विशेषताओं के कारण मनुष्य सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है ?

(ख) मनुष्य और पशु के सुखों में क्या भिन्नता है ?

(ग) परोपकार के कुछ उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(घ) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए।

**12.** (क) संधि-विच्छेद कीजिए : 1 + 1 = 2

मनोरथ, प्रत्युत्तर

(ख) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1 + 1 = 2

यथाशक्ति, गंगा-यमुना

(ग) वाक्य-शोधन कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) इस काम का होना सर्वथा असम्भव है।

(ii) वह तकलीफ़ भोग रहा है।



Download from www.MsEducationTv.com